**केन्द्रीय विद्यालय संगठन तिनसुकिया संभाग**

**पूर्व परिषदीय परीक्षा – 2025 -26**

**विषय - हिंदी (आधार)** **विषय कोड(सीबीएसई):- 302**

**QP CODE : QP12HIN02PB25** **कक्षा - बारहवीं**

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक- 80**

**सामान्य निर्देश-**

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-
- यह प्रश्नपत्र तीन खंडों में विभाजित है।
- खंड-क में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड- ख में पाठ्यपुस्तक अभिव्यक्ति और माध्यम से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों मे आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- खंड-ग में पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

  यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

| **प्रश्न संख्या** | **खंड – क (अपठित बोध)** | **अंक (18)** |
|---|---|---|
| **1.** | **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** | **(10)** |
| | जहाँ भी दो नदियाँ आकर मिल जाती हैं, उस स्थान को अपने देश में तीर्थ कहने का रिवाज है और यह केवल रिवाज की बात नहीं है; हम सचमुच मानते हैं कि अलग-अलग नदियों में स्नान करने से जितना पुण्य होता है, उससे कहीं अधिक पुण्य संगम स्नान में है, किंतु भारत आज जिस दौर से गुजर रहा है उसमें असली संगम वे स्थान, वे सभाएँ तथा वे मंच हैं, जिन पर एक से अधिक भाषाएँ एकत्र होती हैं। नदियों की विशेषता यह है कि वे अपनी धाराओं में अनेक जनपदों का सौरभ अनेक जनपदों के आँसू और उल्लास लिए चलती हैं और उनका पारस्परिक मिलन वास्तव में नाना जनपदों के मिलन का ही प्रतीक है। यही हाल भाषाओं का भी है। उनके भीतर भी नाना जनपदों में बसने वाली जनता के आँसू और उमंग, भाव और विचार, आशाएँ और शंकाएँ समाहित होती हैं। अतः जहाँ भाषाओं का मिलन होता है वहाँ वास्तव में, विभिन्न जनपदों के हृदय ही मिलते हैं, उनके भावों और विचारों का ही मिलन होता है तथा भिन्नताओं में छिपी हुई एकता वहाँ कुछ अधिक प्रत्यक्ष हो उठती है। इस दृष्टि से भाषाओं के संगम आज सबसे बडे तीर्थ हैं और इन तीर्थों में जो भी भारतवासी श्रद्धा से स्नान करता है, वह भारतीय एकता का सबसे बड़ा सिपाही और संत है।<br>हमारी भाषाएँ जितनी ही तेजी से जगेंगी, हमारे विभिन्न प्रदेशों का पारस्परिक ज्ञान उतना ही बढ़ता जाएगा। भारतीय लेखकों की बहुत दिनों से यह आकांक्षा रही थी कि वे केवल अपनी ही भाषा में प्रसिद्ध होकर न रह जाएँ, बल्कि भारत की अन्य भाषाओं में भी उनके नाम पहुँचें और उनकी कृतियों की चर्चा हो। भाषाओं के जागरण के आरंभ होते ही एक प्रकार का अखिल भारतीय मंच आप से आप प्रकट होने लगा है। आज प्रत्येक भाषा के भीतर यह जानने की इच्छा उत्पन्न हो गई है कि भारत की अन्य भाषाओं में क्या हो रहा है, उनमें कौन-कौन से ऐसे लेखक हैं जिनकी कृतियाँ उल्लेखनीय हैं तथा कौन-सी विचारधारा वहाँ प्रभुसत्ता प्राप्त कर रही है। | |
| I | अलग-अलग प्रदेशों में आपसी ज्ञान किस प्रकार बढ़ सकता है ?<br>(क) जब भारतीय भाषाएँ जागेंगी।<br>(ख) जब भारत की भाषा एक होगी। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) जब भाषाओं को जानने की जागरूकता होगी।<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | |
| II | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :<br>कथन (i) : दो नदियों का मिलन जनपदों की जागरूकता का प्रतीक है।<br>कथन (ii) : जनपदों का मिलन दो नदियों के मिलन का प्रतीक है।<br>कथन (iii) : जनपदों के मिलन से ही देश का विकास नहीं होता है।<br>कथन (iv) : जनपदों की उन्नति अत्यधिक आवश्यक है<br>**गद्यांश के अनुसार कौन-सा/से कथन सही हैं?**<br>(क) केवल कथन (i) और (ii) सही हैं।<br>(ख) केवल कथन (ii) सही है।<br>(ग) केवल कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं।<br>(घ) केवल कथन (iii) और (iv) सही हैं। | 1 |
| III | उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनें।<br>(क) भाषा और नदी (ख) भाषा से ही देश का जागरण<br>(ग) भाषा और देश (घ) भाषा और विकास | 1 |
| IV | भाषा संगम में भाषा की किन विशेषताओं का परिचय मिलता है ? | 1 |
| V | हम कब कह सकते हैं कि अलग-अलग प्रदेशों में आपसी ज्ञान बढ़ सकता है ? | 2 |
| VI | विभिन्न भाषाओं के लेखकों में क्या जिज्ञासा उत्पन्न हुई ? | 2 |
| VII | लेखक ने सबसे बड़ा सिपाही और संत किसको कहा है और क्यों? | 2 |
| **2.** | **दिए गए पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** | **(08)** |
| | मनमोहनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,<br>सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है?<br>जिसके चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है,<br>जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है?<br><br>नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही हैं,<br>सींचा हुआ सलोना, वह देश कौन-सा है?<br>जिसके बड़े रसीले, फल कंद, नाज, मेवे,<br>सब अंग में सजे हैं, वह देश कौन-सा है?<br><br>जिसके सुगंध वाले, सुंदर प्रसून प्यारे,<br>दिन-रात हँस रहे हैं वह देश कौन-सा है?<br>मैदान, गिरि, वनों में, हरियालियाँ महकती,<br>आनंदमय जहाँ है, वह देश कौन-सा है?<br><br>जिसके अनंत वन से धरती भरी पड़ी है,<br>संसार का शिरोमणि, वह देश कौन-सा है,<br>सबसे प्रथम जगत में जो सभ्य था यशस्वी,<br>जगदीश का दुलारा, वह देश कौन-सा है? | |

| | | |
|---|---|---|
| I | कवि ने अपने देश को 'जगदीश का दुलारा' क्यों कहा है?<br>निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:<br>कथन (i): यह देश सबसे प्राचीन और सभ्य था। इसलिए इसे ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त है।<br>कथन (ii) : यहाँ की नदियाँ पर्वत, वन और उपजाऊ भूमि इसे विशेष बनाते हैं ।<br>कथन (iii) इस देश में प्राकृतिक और सांस्कृतिक दोनों ही प्रकार की समृद्धि पाई जाती है।<br>कथन (iv): यह देश संसार में सबसे अधिक शक्तिशाली है।<br>निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>(क) केवल कथन (i) सही है।<br>(ख) केवल कथन (ii) और (iii) सही हैं।<br>(ग) केवल कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं।<br>(घ) केवल कथन (i) और (iii) सही हैं। | 1 |
| II | भारत के फूलों की विशेषता कौन-सी है?<br>(क) सुंदर और नाचने वाले (ख) सुंदर और गाने वाले<br>(ग) सुंदर और हँसने वाले (घ) उपर्युक्त सभी | 1 |
| III | (iii) कॉलम 1 को कॉलम-2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए। | 1 |

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| (i) सुख स्वर्ग-सा जहाँ है। | 1.जहाँ भरपूर कृषि और प्राकृतिक संपदा है। |
| (ii) जगदीश का दुलारा | 2. जहाँ अद्भुत आनंद और शांति है। |
| (iii) सब अंग में सजे हैं फल, कंद, नाज, मेवे। | 3. भगवान का प्रिय और गौरवशाली देश। |

| | | |
|---|---|---|
| | क) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3<br>(ख) (i)-3, (ii)-1, (iii)-2<br>(ग) (i)-1, (ii)-3, (iii)-2<br>(घ) (i)-2, (ii)-3, (iii)-1 | |
| IV | मनमोहिनी नदी की गोद में कौन-सा देश बसा हुआ है और उसका पद प्रक्षालन कौन कर रहा होता है? | 1 |
| V | भारत की नदियों की क्या विशेषता है? | 2 |
| VI | भारत की सभ्यता को कवि ने क्यों सर्वश्रेष्ठ बताया है? | 2 |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड-ख (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न )** | **अंक (22)** |
| **3.** | निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए – | 01x06=6 |
| | • प्रकृति से दूर होता हमारा जीवन<br>• आबादी का असंतुलन<br>• मेरे जीवन की अविस्मरणीय घटना | |
| **4.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं चार प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :-** | **04 x02 =08** |
| (क) | इंटरनेट पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं ? | **2** |
| (ख) | स्तम्भ लेखन से क्या अभिप्राय है ? | **2** |
| (ग) | फ्रीलांस पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं? | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय दृश्यों को कैसे बाँटा जाता है ? | **2** |
| (ङ) | रेडियो नाटक में कौन-कौन से तत्व होते हैं ? | **2** |
| **5.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 80 शब्दों में उत्तर दीजिए :-** | **02x04= 08** |
| (क) | जनसंचार के प्रमुख साधन कौन-कौन से हैं? आपको इनमें सबसे अच्छा कौन-सा साधन लगता है और क्यों ? | **4** |
| (ख) | समाचार लेखन के छः ककारों को स्पष्ट कीजिए । | **4** |
| (ग) | फीचर लेखन व समाचार लेखन में अंतर स्पष्ट करें । | **4** |
| **प्रश्न सं.** | **खंड- ग (पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **अंक (40)** |
| **6.** | **निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :-** | **05x01= 05** |
| | खेती न किसान को, भिखारी न भीख, बलि,<br>बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।<br>बेदहूँ पुरान कही, लोकहूँ बिलोकिअत,<br>साँकरे सबै पै, राम ! रावरे कृपा करी।<br>जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस,<br>कहें एक एकन सौं कहाँ जाइ, का करी ?<br>दारिद-दसानन दबाई दुनी दीनबंधु !<br>दुरित-दहन देखि तुलसी हहा करी ॥ | |
| I | 'कहें एक एकन सौं कहाँ जाइ, का करी' - पंक्ति के अनुसार दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सही कथन को चयनित कर लिखिए-<br>(क) लोग नए अवसरों की तलाश में नहीं हैं।<br>(ख) लोग निराश होकर नहीं जानते कि क्या करें।<br>(ग) लोग यात्रा पर जा रहे हैं।<br>(घ) समाज उन्नति कर रहा है। | 1 |
| II | इस काव्यांश में तत्कालीन समाज की किस समस्या का चित्रण हुआ है?<br>(क) निठल्लेपन की (ख) बेरोजगारी की<br>(ग) अशिक्षा की (घ) शोषण की | 1 |
| III | कवि ने समाज की स्थिति को सुधारने के लिए किससे प्रार्थना की है।<br>(क) राजा से (ख) वेदों से (ग) जनता से (घ) भगवान राम से | 1 |
| IV | निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>**कथन (A) : समाज में गरीबी व्याप्त है।**<br>**कारण (R) : व्यक्ति जीविका से विहीन है।**<br>(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है।<br>(ग)कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।<br>(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| V | कवि ने किन लोगों की दुर्दशा का वर्णन किया है?<br>(क) किसानों की (ख) व्यापारियों की<br>(ग) भिखारियों की (घ) उपर्युक्त सभी | 1 |
| **7.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए:-** | **02x03= 06** |
| I | फ़िराक गोरखपुरी की रुबाइयों से उभरने वाले वात्सल्य के किन्हीं दो चित्रों को अपने शब्दों में चित्रित कीजिए । | 3 |
| II | 'बादल राग' कविता में कवि ने अट्टालिका को 'आतंक-भवन' क्यों कहा है? | 3 |
| III | 'कविता के बहाने' पाठ के संदर्भ में 'बिना मुरझाए महकने के माने' क्या होते हैं ? | 3 |
| **8.** | **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :-** | **02x02= 04** |
| I | 'जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास'-'पतंग' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कवि ने ऐसा किसके लिए और क्यों कहा है? | 2 |
| II | 'शीतल वाणी में आग'- के होने का क्या आशय है ?-'आत्म परिचय' पाठ के आधार पर बताएँ। | 2 |
| III | 'उषा' कविता में भोर के नभ की तुलना किससे की गई है ? और क्यों ? | 2 |
| **9.** | **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :-** | **05x01= 05** |
| | यह विडंबना की ही बात है कि इस युग में भी 'जातिवाद' के पोषकों की कमी नहीं है। इसके पोषक कई आधारों पर इसका समर्थन करते हैं \| समर्थन का एक आधार यह कहा जाता है कि आधुनिक सभ्य समाज 'कार्य-कुशलता' के लिए श्रम विभाजन को आवश्यक मानता है और चूँकि जाति प्रथा भी श्रम विभाजन का ही दूसरा रूप है इसलिए इसमें कोई बुराई नहीं है । इस तर्क के संबंध में पहली बात तो यही आपत्तिजनक है कि जाति प्रथा श्रम विभाजन के साथ-साथ श्रमिक-विभाजन का भी रूप लिए हुए है। श्रम विभाजन, निश्चय ही सभ्य समाज की आवश्यकता है, परंतु किसी भी सभ्य समाज में श्रम विभाजन व्यवस्था श्रमिकों का विभिन्न वर्गों में अस्वाभाविक विभाजन नहीं करती। भारत की जाति प्रथा की एक और विशेषता है कि यह श्रमिकों का अस्वाभाविक विभाजन ही नहीं करती, बल्कि विभाजित विभिन्न वर्गों को एक-दूसरे की अपेक्षा ऊँच-नीच भी करार देती है. जो कि विश्व के किसी भी समाज में नहीं पाया जाता। | |
| I | **भारत की जाति प्रथा क्या करती है**?<br>(**क**) **श्रमिकों का अस्वाभाविक विभाजन करती है।**<br>(**ख**) समानता स्थापित करती है।<br>(**ग**) समाज को सभ्य करती है।<br>(**घ**) श्रमिकों का स्वाभाविक विभाजन करती है। | 1 |
| II | आधुनिक सभ्य समाज किस प्रकार के विभाजन को आवश्यक मानता है?<br>(क) श्रमिक-विभाजन<br>(ख) श्रम-विभाजन<br>(ग) जाति-विभाजन<br>(घ) वर्ग-विभाजन | 1 |

<table>
<tr><td>III</td><td>निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए-<br>(क) जाति-प्रथा केवल श्रम-विभाजन का एक रूप है।<br>(ख) सभ्य समाज में श्रम-विभाजन कार्य-कुशलता बढ़ाने के लिए किया जाता है।<br>(ग) जाति-प्रथा श्रमिकों का अस्वाभाविक विभाजन नहीं करती है।<br>(घ) जाति-प्रथा और श्रम-विभाजन एक ही चीज़ है।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>IV</td><td>कॉलम-1 को कॉलम-2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br><table><tr><td>कॉलम-1</td><td>कॉलम-2</td></tr><tr><td>i अस्वाभाविक</td><td>1. अनुचित</td></tr><tr><td>ii विभाजन</td><td>2. बाँटना</td></tr><tr><td>iii सभ्य समाज</td><td>3. विकसित और शिक्षित समाज</td></tr></table>क) i-(1), ii-(2), iii-(3)<br>(ख) i-(3), ii-(2), iii-(1)<br>(ग) i-(3), ii-(1), iii-(2)<br>(घ) i-(2), ii-(3), iii-(1)</td><td>1</td></tr>
<tr><td>V</td><td>जाति प्रथा के समर्थन का प्रचलित आधार क्या है?<br>(क) आर्थिक समृद्धि (ख) बौद्धिक कुशलता<br>(ग) कार्य कुशलता (घ) श्रम की क्षमता</td><td>1</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए:-</td><td>02x03= 06</td></tr>
<tr><td>I</td><td>'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर त्याग और ज्ञान की महिमा पर प्रकाश डालिए।</td><td>3</td></tr>
<tr><td>II</td><td>'भक्तिन' पाठ के आधार पर भक्तिन की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।</td><td>3</td></tr>
<tr><td>III</td><td>भीमराव अंबेडकर के मत में दासता की व्यापक परिभाषा क्या है?</td><td>3</td></tr>
<tr><td>11.</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए:-</td><td>02x02= 04</td></tr>
<tr><td>I</td><td>बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या असर पड़ता है ? 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।</td><td>2</td></tr>
<tr><td>II</td><td>लेखक इन्दर सेना पर पानी फेंकने का समर्थक क्यों नहीं था ? 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर स्पष्ट करें ।</td><td>2</td></tr>
<tr><td>III</td><td>महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अंतर होता था ?</td><td>2</td></tr>
<tr><td>12.</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए:-</td><td>02x05= 10</td></tr>
<tr><td>I</td><td>लेखक आनंद यादव के चरित्र की कोई चार विशेषताएँ जो आपको सर्वाधिक प्रभावित करती हैं-'जूझ' पाठ के आधार पर लिखिए।</td><td>5</td></tr>
<tr><td>II</td><td>कैसे कहा जा सकता है कि सिंधु घाटी की सभ्यता साधन सम्पन्न थी ? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट करें ।</td><td>5</td></tr>
<tr><td>III</td><td>यशोधर बाबू समय के अनुसार क्यों नहीं ढल सके? 'सिल्वर वेडिंग' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।</td><td>5</td></tr>
</table>

*************************************************************